08:44
Rajasth...
trika.com



मैसूरु में राखी बांधने से पहले रस्मों को निभाती बहनें।

बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया, कलाइयों में राखी बांधी और भाई का मुंह मीठा कराया। इसके बाद आरती कर भाई की सलामती की दुआ की। भाइयों ने बहनों को रक्षा करने का वचन और उपहार दिया। सुबह से लेकर देर शाम तक राखी बांधने का सिलसिला चलता रहा।

# बीएसएफ जवानों को छात्राओं, महिलाओं ने बांधी राखी



बीएसएफ अधिकारी को राखी बांधती महिला।

**बेंगलूरु @ पत्रिका.** रक्षाबंधन के अवसर पर रमय्या कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स (स्वायत्त) के 40 छात्र और कर्मचारी तथा कैन्च फाउंडेशन के 15 प्रतिनिधियों ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सहायक प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) के यलहंका और कराहल्ली शिविरों का दौरा किया और जवानों व अधिकारियों को राखियां बांधी।

प्राचार्य डॉ. पुष्पा एच, सहायक प्रोफेसर और आर्मी विंग के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट लक्षिता एच. एस. मूर्ति ने रमय्या कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स (स्वायत्त) के छात्रों और कर्मचारियों के साथ यलहंका परिसर में एसटीसी बीएसएफ के महानिरीक्षक दिनेश कुमार यादव का स्वागत किया। उन्होंने एसटीसी बीएसएफ के कर्मचारियों को राखी बांधकर रक्षाबंधन मनाया। महानिरीक्षक यादव ने कॉलेज की टीम को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

कैन्च फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने कराहल्ली परिसर का दौरा किया और उपस्थित कर्मचारियों को राखी बांधकर रक्षाबंधन मनाया।

# हुए मनाया सावन का सिंजारा



विमला साबू, सुशीला राठी, विजयलक्ष्मी सारडा, कांता काबरा ने संयुक्त रूप से किया। प्रार्थना विमला चांडक, सुमन अजमेरा, पूजा